-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 26.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना जसपुरा पुलिस द्वारा छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 1.06 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन ईगल"** के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस द्वारा छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि थाना जसपुरा द्वारा आज दिनांक 25/26.06.2026 की रात्रि में गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक पन्नी में 01 किलो 60 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह बरेहटा खदान में ट्रक चालको को छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर उनको अधिक दामों पर बेचता था।

बरामदगी-

- 01 किलो 60 ग्राम अवैध सूखा गांजा।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. जगदीश पुत्र रामकृपाल निवासी बरेहटा थाना जसपुरा जनपद बांदा जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0- 97/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना जसपुरा जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री आकाश चौकी प्रभारी अमारा
2. कां0 गोरख प्रसाद
3. कां0 दीपक यादव